तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

12 अंचल में सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा ...



11 नेवारीकला में सामाजिक भवन की मांग वर्षों से अधूरी





## खबर संक्षेप

### महिला ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस



**बालोद/निकुम।** शादी होने के बाद पहली बार तीजा मनाने आई महिला के मायके मे ससुराल वाले के आने के दूसरे दिन महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी द में 28 वर्षीय तोमेश्वरी साहू उर्फ रानू साहू की घर के उपर कमरे मे लाश मिली। मिली जानकारी के अनुसार बीते चार माह पूर्व मृतिका तोमेश्वरी साहू का विवाह भेनपुरी में हुआ था, बीते 8 दिन पूर्व महिला अपना पहला तीज मनाने देवरी द मायके आई थी, वही दो दिन पूर्व उसके ससुराल पक्ष के लोग देवरी द आए थे। उसके एक दिन बाद मृतिका तोमेश्वरी साहू फोन से बात करते हुए ऊपर कमरे मे गई, वही कमरे के वेंटीलेशन पर रस्सी पर लटक रहे रानू को तड़पते देखकर उसे बचाने उसके पिता अजीत व परिवार ने उतारा, जहां एक आंख से खून निकला है, वही मौके पर पहुंची अर्जुंदा पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम कराने गुण्डरदेही भेजा। लेकिन फिर उसे मेडिकल कॉलेज राजनादगांव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पुलिस मर्ग कायम कर जांच मे जुटी है।

### होटलों में दी दबिश 12 सैंपल जांच के लिए भेजे



**बालोद।** जिले में बने खाबो, बने रहिबो अभियान शुरू जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेन्डर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थानों, रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानदारों एवं आम लोगों को खाद्य सामग्रियों में अखबारी कागज एवं बासी खाद्य पदार्थ का उपयोग, पीने के पानी की जांच, खाद्य सामग्रियों का रख–रखाव, खाद्य पदार्थ की अस्वच्छ हैडलिंग आदि के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। इस दौरान 12 खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए भी लिया गया है।

### ननों की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ में ननों की गिरफ्तारी को लेकर अब सियासत तेज होती जा रही है। कांग्रेस नेता और विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मांतरण के नाम पर की गई यह गिरफ्तारी पूरी तरह से गलत और असंवैधानिक थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में रहते हुए संविधान और कानून का खुला उल्लंघन कर रही है और धार्मिक स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास कर रही है। रतिराम कोसमा ने केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के बयान का हवाला देते हुए कहा कि खुद भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह स्वीकार किया है कि गिरफ्तार नन किसी भी जबरन धर्मांतरण या मानव तस्करी में शामिल नहीं थीं। चंद्रशेखर ने यह भी कहा था कि भाजपा उनकी रिहाई के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे यह साफ हो जाता है कि भाजपा के भीतर ही इस कार्रवाई को लेकर मतभेद हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनूप एंटनी ने भी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर सरकार से शेष पेज 10 पर

# जिले के सभी सरकारी स्कूल और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाएंगे

हरभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना में वृद्धि करना है। उल्लेखनीय है कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न होगा। इसके अंतर्गत प्रथम चरण का आयोजन 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ–साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम 2025 अंतर्गत 2 से 8 अगस्त तक प्रथम चरण में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा।



### दूसरे चरण में तिरंगा मेले का आयोजन

विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी तरह 9 से 12 अगस्त द्वितीय चरण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इसी तरह 13 से 15 अगस्त तक तृतीय चरण में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इस अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न की जाएगी।

**विरोध**

**पुलिस प्रशासन पर तस्करी में संरक्षण देने का लगाया आरोप**

# खाद संकट और गौ तस्करी के विरोध में कांग्रेस ने किया चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी ने क्षेत्र में खाद की भारी कमी और नगर पंचायत डौंडी के गौठान से लगभग 300 गौमाताओं की कथित तस्करी के विरोध में सोमवार 11 बजे से मथाई चौक डौंडी में चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमेश कोर्राम ने किया। प्रदर्शनकारियों ने न केवल सोसायटियों में खाद की किल्लत को लेकर नाराजगी जताई, बल्कि गौमाता तस्करी के मामले में दोषियों पर अब तक कोई कार्रवाई न होने को लेकर पुलिस प्रशासन पर भी संरक्षण देने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजमार्ग पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। गौमाता की रक्षा करो, दोषियों को सज़ा दो/", खाद दो, न्याय दो जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

मिला आश्वासन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीयूष सोनी सहित कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी सुरेश साहू और जिला विपणन अधिकारी से चर्चा की। चर्चा के बाद प्रशासन ने आश्वस्त किया कि दो दिनों के भीतर सभी सोसाइटियों में खाद की आपूर्ति कर दी जाएगी। गौ तस्करी पर कार्रवाई की मांग कोमेश कोर्राम ने 18 जुलाई को सीएसपी वर्मा को सौंपे गए ज्ञापन का हवाला देते हुए गौ तस्करी के आरोपियों पर अब तक कार्रवाई न होने पर कड़ा ऐतराज जताया। इस पर सीएसपी मैडम ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिवसेना और सामाजिक कार्यकर्ताओं का समर्थन प्रदर्शन को शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्र मौली मिश्रा ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन दिया। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि /"गौमाता की तस्करी के मामले में प्रशासन का ढुलमुल रवैया अस्वीकार्य है।सामाजिक कार्यकर्ता गोरे लाल सोनी ने तो गौमाता तस्करी के विरोध में सिर मुंडवाकर अपना आक्रोश दर्ज कराया, जिससे प्रदर्शन में भावनात्मक उबाल देखने को मिला।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी से शब्बीर खान, काशी राम निषाद,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पुनीत सेन, कैलाश राजपूत, कोमलेंद्र चंद्राकर,पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश आर्य,बसंती दुग्गा,जनपद सदस्य कुलदीप साहू, हेमवती कुलदीप, रमिता मरकाम, अतीक कुरेशी,रेवा रावटे,खिलेंद्र भुआर्य, लोमश धुर्वे ,मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, घोटिया मंडल अध्यक्ष भोज साहू, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष उदय राम सिवाना, सुरडोंगर मंडल अध्यक्ष सुकदेव पिस्दा, डौंडि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमजद खान, नगर मंडल अध्यक्ष पलटन भूआर्य,परस मंडावी, मोनू सिन्हा,सुनील राठौर, जीवन निर्मलकर, व्यापारी संघ उपाध्यक्ष कमलेश कामले सिहत नागरिक उपस्थित थे।

# पौधारोपण अभियान में पिछड़ा सहायता समूह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिला पंचायत बालोद द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेश

- जनपद पंचायत ने सभी पंचायतों में पौधा रोपण की सौंपी थी जिम्मेदारी सरपंच संघ ने उठाया मुद्दा

के लगभग आठ माह बाद भी डोंडी जनपद पंचायत की ढिलाई और क्रियान्वयन एजेंसी की उदासीनता के चलते कई ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जबकि 20 जुलाई को पूरे जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाखों पौधों का रोपण किया गया, ऐसे समय में नरेगा के तहत स्वीकृत पौधारोपण कार्यों की निष्क्रियता प्रशासनिक उदासीनता को उजागर कर रही है। जनपद पंचायत डोंडी द्वारा 27 मार्च को कार्यादेश क्रमांक 1002 के तहत कुसुमकसा कलस्टर के नया सबेरा महिला संकुल संगठन को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया। संगठन को 33 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण शेष पेज 10 पर

### 450 रुपए में लगाना था ट्री गार्ड

ट्री गार्ड के निर्माण को लेकर भी स्थिति अस्पष्ट है। शासन से 450 प्रति ट्री गार्ड की दर तय होने के बावजूद, ठेका 360 में दिए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, ट्री गार्ड बनाने वाले ठेकेदार के नाम की जानकारी तो दी गई, लेकिन उसके पते की जानकारी न होना इस बात की ओर इशारा करता है कि महिला समूह के नाम पर कार्य कोई और कर रहा है। पंचायतों में बढ़ रहा असंतोष जिन ग्रामों में वृक्षारोपण के लिए कार्यादेश जारी किया गया है उनमें मरकाटोला, नर्राटोला, ठेमाबुजुर्ग, पचेड़ा, पटेली, अरमुरकसा, गिधाली, भर्रीटोला 36 व 43, सिंघनवाही, घोटिया, गुजरा, कुमुड़कट्टा, आमाडुला, मथेना, नलकसा, कारूटोला, खुर्शीटिकुर, बिटाल, मरदेल, जाबुडवाही, छिंदगांव, खम्हारटोला, धोबनी /"अ/", टेकाढोडा, धोबनी ब, धोबेदंड जैसे गांव शामिल हैं। वृक्षारोपण में प्रति पौधे की मजदूरी 2054 और सामग्री मद में 734 का प्रावधान है, जिसमें तीन वर्षों तक पौधों की देखरेख, खाद, पानी और ट्री गार्ड शामिल हैं। लेकिन कार्यादेश में ट्री गार्ड और खाद की जानकारी स्पष्ट नहीं दी गई है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है।

# खेल-खेल में होल्डर को निगल गया, बच्चा सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



- सरकारी में नहीं मिली राहत, निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक निकाला गया

ब्लॉक के एक गांव से 2 अगस्त को अजीबोगरीब घटना सामने आई है, जहां खेल-खेल में एक 14 वर्षीय बालक ने पेंडेंट होल्डर का ढक्कन मुंह में दबा लिया और अनजाने में निगल गया। घटना के बाद परिजनों और चिकित्सकों की तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गई।

जानकारी के अनुसार, बालक ने घर में खेलते समय मजाक में पेंडेंट होल्डर का लगभग 1 इंच चौड़ा ढक्कन अपने मुंह में दबा रखा था। इसी दौरान वह धोखे से ढक्कन को निगल गया। डर के कारण उसने तुरंत किसी को नहीं बताया और ढक्कन के बाहर निकलने की आशा में खूब पानी पीया। कुछ घंटों बाद जब बार-बार शौच करने पर भी ढक्कन बाहर नहीं आया, तब जाकर उसने माता-पिता को पूरी बात बताई। परिजन उसे तत्काल नगर के शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां एक्स-रे जांच के दौरान पता चला कि ढक्कन मलद्वार तक पहुंच चुका है। डॉक्टरों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसे बालोद जिला अस्पताल रिफर किया गया, जहां शेष पेज 10 पर

# बीमा के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा फसल नुकसान का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

- किसानों ने कहा– जिम्मेदार पोर्टल बंद होने दे रहा हवाला,



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों से दो फीसदी प्रीमियम लेकर बीमा कंपनियां हर साल करोड़ों का मुनाफा कमा रही हैं, लेकिन जब बात मुआवजे की आती है, तो किसान हताशा, चक्कर और इंतजार का शिकार होते हैं। यही हाल दल्लीराजहरा शहर सहित बालोद जिले के हजारों किसानों का है, जिनका बीमा तो समय पर करवा लिया गया है, लेकिन अब पोर्टल बंद होने की दुहाई देकर उन्हें मुआवजे से वंचित किया जा रहा है।

बारिश की मार, कीट प्रकोप, बेमौसम आफतों से आदिवासी बाहुल्य विकासखंड डौंडी के सैकड़ों गांवों के किसान इस बार फिर बर्बाद हुए हैं। लेकिन जिनके खेत सूख गए, जिनकी फसलें नष्ट हो गईं, वे आज बीमा कंपनियों और अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर काट रहे हैं। अब किसानों को पोर्टल बंद होना बताया जा रहा है।

### बीमा कंपनियों की चांदी, किसान बेहाल

बीमा कंपनियों को किसानों के 2 प्रतिशत प्रीमियम के साथ राज्य और केंद्र सरकार की ओर से मिलती है 98 प्रतिशत सब्सिडी है। यानी एक किसान के 100 के बीमा पर कंपनी को 2 रुपए किसान से और 98 रुपए सरकार से मिलते हैं। लेकिन जब मुआवजा देना होता है, तो या तो कंपनी खामोश हो जाती है या फिर टेक्निकल खामियों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेती है। कई किसानों ने तो अपनी बीमा रसीदें और एप्लिकेशन की कॉपी तक दिखा दी, फिर भी उन्हें पोर्टल में न दिखने का बहाना सुनना पड़ा।

# विधायक सिन्हा ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा ने विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने विधायक निधि से स्वीकृत ग्राम सिवनी में कलामंच के पास टीना शेड निर्माण, ग्राम उमरादाह में श्याम लाल के पास घर टीना शेड निर्माण, ग्राम बोड़की में तालाब के पास टीना शेड निर्माण, ग्राम भोईनापर में बाजार चौक के पास टीना शेड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कला मंच के सामने शेड निर्माण हो जाने से ग्राम में होने वाले विभिन्न आयोजन में ग्रामीणों को सुविधा होगी। किसी भी निजी व सावर्जनिक कार्यक्रम में ग्रमीणों को धूप, बरसात में सुविधा होंगी। वही ग्राम में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान भी ग्रामीणों को इस शेड से लाभ होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद पंचायत सदस्य दुष्यंत कुमार साहू, शहर अध्यक्ष बालोद अंचल प्रकाश साहू, ब्लाक महामंत्री रोहित सागर, राकेश उईके, नवनिर्वाचित झलमला मण्डल जोन अध्यक्ष देव पटेल, सरपंच कुन्दन तारम, दिनेश साहू, कृष्णा साहू, धनराज सुरेश, शिव गौकरन, महेश पटेल, उत्तरा साहू, पद्मनन्नी साहू, स्यामा बघेल, सरपंच जोहार बघेल व ग्रामवासी उपस्थित थे।

**ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश आंदोलन की चेतावनी**

# करोड़ों की सड़क कुछ ही माह में जर्जर, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम पर आदिवासी बाहुल्य डौंडी विकासखंड में करोड़ों की लागत से बनाई गई सड़कों की हकीकत अब सड़कों की हालत देखकर खुद बोल रही है। जहां सरकार विकास के दावे कर रही है, वहीं डौंडी ब्लॉक की अधिकांश नवनिर्मित सड़कों की हालत किसी खस्ताहाल कच्चे रास्ते से भी बदतर हो चुकी है।

### छह महीने में धंसी सड़कें उखड़ीं परतें

ग्रामीणों की मानें तो अधिकांश सड़कें 6 से 8 महीने के भीतर ही जगह-जगह धंसने लगी हैं। सड़कें उखड़ी पड़ी हैं, और किनारों से मिट्टी बह गई है। कई जगह तो सड़कें सिर्फ कागजों में बनी हैं और जमीनी हकीकत में सिर्फ गड्ढे ही दिखाई देते हैं।





### क्या कहते हैं जिम्मेदार आलाधिकारी

शत्रुघ्न ध्रुव कार्यपालन अभियंता कहते हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शासन के नियमो अनुसार ही किया गया है, परंतु आपके माध्यम से शिकायत आ रही है शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सूक्ष्म जांच कराया जाएगा, और दोषी एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी।

### किसी को निगरानी नहीं किसी का कोई डर नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में सस्ते और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। सड़कों की मोटाई तय मानकों से काफी कम है। सड़क की दुर्दशा से परेशान आदिवासी ग्रामीणों ने अब विरोध की राह पकड़ ली है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बैठकें हो रही हैं, पंचायत स्तर पर जनआंदोलन की तैयारी है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो डौंडी में तहसील घेराव से लेकर राजधानी तक आंदोलन होगा। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि लाखों-करोड़ों के इन कार्यों की मॉनिटरिंग किसने की? किस अफसर ने सर्टिफिकेट देकर भुगतान कराया? जनप्रतिनिधि आखिर मौन क्यों हैं?

# स्वास्थ्य मंत्री ने डीकेएस लॉन्ड्री टेंडर निरस्त का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा लॉन्ड्री का टेंडर निकाला गया था। जिसमें करोड़ों रुपए के टर्नओवर के साथ-साथ कई अनाप-शनाप नियम शर्त जोड़ दिया गया था। जिससे पैतृक व्यवसाय करने वाले धोबी समाज के लोग निविदा में भाग नहीं ले सकते थे, जिसके लिए समाज ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायक सुनील सोनी से मुलाकात कर उक्त विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए गुहार लगाई।

धोबी समाज के इस जायज मांग का समर्थन पिछड़ा वर्ग के सभी समाज के प्रतिनिधियों ने प्रोफेसर घनाराम साहू के निर्देशन में समर्थन करते हुए सोशल मीडिया में शानदार मुहिम चलाई जिसमें सफलता भी मिली और अंततः डीकेएस प्रबंधन को उक्त विवादित टेंडर को निरस्त करना पड़ा।

### मंत्री जायसवाल ने नाराजगी जाहिर की

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायक सुनील सोनी, सभी सामाजिक मुखिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार माना है। उन्होंने अति शीघ्र राजधानी में शानदार पिछड़ा वर्ग सम्मेलन सामाजिक एकता के लिए आयोजित करने का कार्यक्रम तैयार करने के लिए सभी समाज के मुख्या लोगों से आग्रह किया है जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू सहित सभी दिग्गज नेताओं को आमंत्रित करने की जानकारी दी है।

# दुर्ग से जबलपुर के लिए मिली नई ट्रेन, सीएम ने रायपुर तो दुर्ग में विधायक ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रायपुर से चलेकर दुर्ग डोंगरढ़ होते हुए जबलपुर तक नई इंटरसिटी ट्रेन शुरू की गई है। रविवार 3 अगस्त को ये ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची तो विधायक गजेंद्र यादव ने उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले रायपुर रेलवे स्टेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित मध्यप्रदेश के जबलपुर तक की यात्रा और सुगम होगी। उन्होंने कहा की यह ट्रेन सेवा निश्चित ही क्षेत्रीय यात्रियों को लाभान्वित करेगी और क्षेत्रीय विकास में सहायक सिद्ध होगी। इस नई ट्रेन सेवा के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सुविधा और विकास के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस दौरान स्टेशन में रेलवे के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नई ट्रेन राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध तीर्थ नगरी डोंगरगढ़ होते हुए जबलपुर जाएगी। इस सेवा से न केवल यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि क्षेत्रीय सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह रेल सेवा विशेष रूप से व्यापारियों, छात्रों, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी। इस अवसर पर रेलवे के एडीआरएम हिमांशु अग्रवाल, पार्षद मनोज सोनी, लीलाधर पाल, कांशीराम कोसरे, संजय अग्रवाल, अतुल पहाड़े, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, महेश देवांगन सहित रेलवे के अधिकारीगण, कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।



### इन पर्यटन स्थलों के लिए सीधे जाएगी ट्रेन

यह ट्रेन छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कई धार्मिक और पर्यटक स्थलों को सीधे जोड़ेगी। इससे लोगों का नंदनवन प्राणि उद्यान, मां बम्लेश्वरी मंदिर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, भेड़ाघाट और धुआंधार जलप्रपात जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

### ट्रेन की समय सारणी

| 11702 जबलपुर रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | |
|---|---|
| सुबह में प्रतिदिन प्रस्थान | |
| जबलपुर | 6 एएम |
| मदनमहल | 6:10 एएम |
| कछपुरा | 6:25 एएम |
| नैनपुर | 7:55 एएम |
| बालाघाट | 9:22 एएम |
| गोंदिया | 10:10 एएम |
| डोंगरगढ़ | 11:33 एएम |
| राजनांदगांव | 11:58 एएम |
| दुर्ग | 1:00 पीएम |
| रायपुर | 1:50 पीएम |

### टाइमटेबल

| 11701 रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | |
|---|---|
| दोपहर में प्रतिदिन प्रस्थान | |
| रायपुर | 2:45 पीएम |
| दुर्ग | 3:22 पीएम |
| राजनांदगांव | 3:48 पीएम |
| डोंगरगढ़ | 4:13 पीएम |
| गोंदिया | 5:50 पीएम |
| बालाघाट | 6:50 पीएम |
| नैनपुर | 8:15 पीएम |
| कछपुरा | 10:10 पीएम |
| मदनमहल | 10:32 पीएम |
| जबलपुर | 10:45 पीएम |

### कम समय, कम किराया का मिलेगा लाभ

यह ट्रेन हर दिन चलेगी। रायपुर से जबलपुर पहुंचने में जहां पहले जो 10 से 11 घंटे लगते थे, अब लोग मात्र 8 घंटे में पहुंच सकेंगे। पहले यह ट्रेन उसलापुर से होते हुए जाती थी, लेकिन अभी गोंदिया बालाघाट से होते हुए जाएगी। इससे वहां के लोगों को लाभ मिलेगा। रेल मंडल के वाणिज्यिक प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस न केवल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को करीब लाएगी, बल्कि इससे दोनों राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध भी और मजबूत होंगे।

### रायपुर जबलपुर के बीच इंटरसिटी ट्रेन के फायदे

इस ट्रेन के शुरू किए जाने से जहां एक ओर जबलपुर से लोग सवेरे चलकर रायपुर और फिर वापस रात को जबलपुर पहुंच जाएंगे, वहीं दूसरी ओर रायपुर से दोपहर को यह ट्रेन चलेगी, तो लोग रात में जबलपुर में रुककर सुबह इस ट्रेन के जरिए रायपुर के लिए रवाना हो सकते हैं। यह पूरा सफर 8 घंटे का होगा और पैसे की भी बचत होगी।

## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात और नकदी पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल भिलाई में एम्बुलेंस चालक के पद पर राजेन्द्र सिंह कार्यरत है। 2 अगस्त की सुबह काम पर गया था। दोपहर पत्नी ने कॉल कर जानकारी दी कि मकान में चोरी हो गई। पत्नी मकान में ताला जड़कर बाहर गई हुई थी। घर वापस आई तो मुख्य दरवाजे का चिटकनी टूटा पड़ा था। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। तीनों कमरो में रखे आलमारी का दरवाजा भी टूटा था। मकान से मोबाइल, सोना चांदी के जेवरात 25 हजार का और 5 हजार नगदी कुल मकान से 45 हजार का सामान गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस में की गई है। गौरतलब हो कि सूने मकानों को अज्ञात निशाना बना रहे है। जिसे लेकर पुलिस की पेट्रोलिंग कुछ खास नहीं कर पा रही है।

### एमडब्ल्यूआरएम में नई चेतना कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-1 के अंतर्गत मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग में नई चेतना किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंध एमके गोयल थे। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी शुभश्री प्रशान्त, एजीएम जया रॉय, सहायक प्रबंधक उपेन्द्र कुमार शर्मा सहित विभागीय कर्मचारी व ठेका मजजूर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संयंत्र द्वारा महिला कर्मियों के हितार्थ चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत प्रत्येक महिला ठेका श्रमिक को अपने कर्तव्यों, अधिकारों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित समुचित जानकारी होना आवश्यक है। वे सुरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर दी जा रही जानकारियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें। श्री गोयल ने भी जागरुक किया। शुभश्री प्रशान्त ने महिला ठेका श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व जया रॉय ने यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी दी। सहायक प्रबंधक उपेन्द्र कुमार शर्मा ने महिला श्रमिकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतन, बोनस, पीएफ, ईएसआईसी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाये जा रहे छात्रवृति योजना के बारे में बताया।

### एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज से की थी मुलाकात

# 7 हजार करोड़ टन के लिए बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट में एमएसएमई को मिलेगा बड़ा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा ने औद्योगिक क्षेत्र के एंसीलरी उद्योगों को पर काफी दिलचस्पी दिखाई है। जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद उन्होंने 7 हजार करोड़ टन के एक्सपांशन में काम देने की बात कही है। मुलाकात के दौरान डायरेक्टर इंचार्ज ने सहायक उद्योगों के उद्यमियों को आश्वासन दिया था कि भिलाई इस्पात संयंत्र के एक्सपांशन प्रोजेक्ट में एमएमएमई उद्योगों की भागीदारी काफी अच्छी रहेगी।

रविवार को एमएसएमई जिला उद्योग संघ के संघ के अध्यक्ष केके झा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल में डायरेक्टर इंचार्ज श्री महापात्र से मुलाकात की। चर्चा में बीएसपी से सहायक उद्योगों को पर्याप्त काम दिलाने का आग्रह किया गया। श्री महापात्रा भरोसा दिलाते हुए कहा यहां पर जो लोकल एमएसएमई हैं, उनको ज्यादा से ज्यादा काम मिले यह उनका प्रयास होगा। बीएसपी का जो एक्सपांशन होने वाला है 7 हजार करोड़ टन के लिए, उसमें एमएसएमई उद्योगों की भागीदारी दिलाने की कोशिश करेंगे। इसके अलावा तीन मिलियन टन का एक्सपांशन और आने की संभावना है । इसमें भी एमएसएमई को काम मिलेगा। उन्होंने कहा की भिलाई के श्रमिक, उद्योग और यहां का माहौल प्लांट के लिए हितकारी हैं। इसलिए ऐसे कार्य किए जाएं तो कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां का एक उद्योग इसरो को पेंट की सप्लाई कर रहा है वही एक फैब्रिकेशन वर्क करने वाला यूनिट भारत के सबसे बड़े ब्रिज में काम कर रहा है। तब उन्हें यहां बीएसपी में काम नहीं मिलेगा तो कहां मिलेगा। डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा ने एमएसएमई के एक-एक इकाइयों में रुचि दिखाई और सभी चीजों को समझा। उन्होंने यहां होने वाले फैब्रिकेशन, मशीनिंग, इलेक्ट्रिकल केबल, मिनिरल वॉटर, केमिकल फैक्ट्री, स्टील ट्रेडिंग आदि की पूरी जानकारी ली।

### एमएसएमई की लोकल इकाइयों में दिखाई दिलचस्पी, शासन की तरह मांगी सुविधाएं



### सीपीडी की तरह कांट्रेक्ट सेल में मिले काम

चर्चा के दौरान एमएसएमई प्रतिनधि मंडल ने मांग की कि एमएसएमई उद्योग जिस तरह सीपीडी में काम कर रहे हैं उसी तरह कॉन्ट्रैक्ट सेल में भी काम करने का मौका दिया जाए। इस पर सीजीएम एमएम केसी मिश्रा ने आश्वस्त किया कि यह काम आसान है और इसे जल्द ही कर दिया जाएगा। उन्होंने 2022 तक के पेंडिंग ऑर्डर को भी क्लोज करने की प्रक्रिया को प्रक्रिया में होना बताया। श्री महापात्रा ने एमएसएमई का एक डाटा तैयार किए जाने की सलाह दी। लेटेस्ट 3 वर्ष में यहां के स्थानीय एमएसएमई उद्योगों का क्या डाटा है। उन्होंने किस तरह उद्योंग को डेवलप किया है। कहां आधुनिक मशीनें लगी हैं। क्या-क्या काम कर सकते हैं। यह सब जानकारी उस डाटा में मांगी है।

### शासन की तरह बीएसपी से मिले सुविधा

संघ के अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि शासन द्वारा एमएसएमई को हर तरह की सुविधा दी गई है। हमें इसी उसी की तरह यहां भी एमएसएमई उद्योगों को सुविधा मिलना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने कहा कि बीएसपी में जो भी बड़े-बड़े प्रोजेक्ट आ रहे हैं उसमें एमएसएमई को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। महासचिव अंकित मेहता ने कहा कि प्लांट का माल जो हम उठा रहे हैं उसमें कुछ में गुणवत्ता की कमी देखने को मिल रही है। इसके कारण लोकल को डिलीवरी में प्रॉब्लम आ रही है। इसमें सुधार किया जाए। पूर्व में पदाधिकारियों ने नए डीआईसी का पुष्पगुच्छ भेंट कर पदभार की शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव अंकित मेहता, सचिव मयूर कुकरेजा, उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, सीपीडी इंचार्ज देशराज यादव, रामकुमार बंसल, वरिष्ठ सदस्य जीके जैन, आरके सिंह, अभिजीत शुक्ला तथा बीएसपी प्रबंधन की ओर से एके चक्रवर्ती ईडी एमएम, केसी मिश्रा सीजीएम एमएम, आयान मिश्रा सीजीएम एमएम एवं दीपांकर राय जीएम उपस्थित थे।

## व्यक्ति में जितनी सहनशीलता होगी वह उतना ही मजबूत होगा

**डौंडीलोहारा।** अछोली देवरी व संबलपुर जैन संघ द्वारा आयोजित चातुर्मासिक पर्व के अंतर्गत रविवार को देवरी के जैन भवन में जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती सूयशप्रज्ञा श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि जीवन के अंदर में व्यक्ति जितना सहनशीलता का पालन करेगा जितना सहन करेगा उतना ही मजबूत बनता चला जाएगा। सहनशीलता से आंतरिक ऊर्जा आत्मिक शक्ति का उत्थान होता है।महासती जी ने कहा कि चिंतन करें कि जीवन के अंदर में संघर्ष करना कि सहन करना।सहन करने से ही विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की ताकत मिलती है।सहन करने से शरीर के स्नायु तंत्र मजबूत बनते चले जाते है।शरीर की मजबूती के साथ साथ मन की व आत्मा की मजबूती भी बढ़ती चली जाती है।

सहन करने से मार्ग में स्थिर रहने यानि मोक्ष मार्ग की ओर गमन करने की शक्ति प्राप्त होती है वही कर्मो की निर्जरा भी सहज में होती चली जाती है। सहन करना सीख गए तो मोक्ष मार्ग की ओर टिके रह सकते हैं।टिके रहने से ही उपलब्धि की प्राप्ति होती है। महासतीजी ने कहा कि विपत्ति आपत्ति के बाद ही अंदर की शक्ति प्रस्फुटित होती है। विपरीत परिस्थितियों में सहन करने व सकारात्मक सोच रखने से निश्चित ही सफलता की प्राप्ति होती है।कभी भी नकारात्मक सोच से बचकर ही रहना चाहिए। असफलता व विपरीत परिस्थितियां जीवन के हर क्षेत्र में मिलती रहती है।घर परिवार संघ समाज व्यवसाय आदि कोई भी क्षेत्र हो इंसान को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना ही पड़ता है ऐसे में सहनशीलता के गुण को धारण करना चाहिए, जिस प्रकार शरीर को खुराक देने से शरीर की शक्ति बढ़ती है ठीक सहनशीलता का खुराक देने से आत्मा की शक्ति बढ़ती चली जाती है।सहन करने से आत्मा की व मन की शक्ति बढ़ती है।उन्हें ऊर्जा का खुराक मिल जाता है।जो झेल नही पाते वे परिस्थितियों से भागते हैं वहीं झेलने वाले सहन करने वाले हर विपरीत परिस्थितियों पर डटकर मुकाबला करते है व सफलता को प्राप्त करते है।महासती जी ने कहा जितना सहन करेंगे उतनी ही आत्मिक शक्ति बढ़ती चली जाएगी।

## हीरक पंख शिविर में शामिल होने जिले के 55 बच्चे रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव एवं चतुर्थ चरण, हीरक पंख जांच शिविर का आयोजन नवीन संगीत महाविद्यालय, कॉलेज मैदान सरकंडा जिला बिलासपुर साइंस कॉलेज में 2 से 5 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है।

बालोद जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन व अगुवाई एवं जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के पीसी मर्कले के दिशा निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के 55 कब बुलबुल शामिल हुए। जिला प्रभारी के रूप में गजेन्द्र खरे, महेश जगनायक, डीलेश्वरी साहू, धनेश्वरी सोनवानी, चंद्रकला ठाकुर शिविर में शामिल हुए। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने सभी नन्ही बुलबुल को शुभकामनाएं व बधाई दी है एवं छोटे बच्चों में स्काउटिंग एवं गाइडिंग की भावना बढ़ाने एवं अवसर प्रदान करने की सराहना किये। ये सभी प्रतिभाशाली बच्चे बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने कौशल, अनुशासन एवं सेवाभाव का प्रदर्शन करेंगे।

नगर पंचायत डौंडीलोहारा से रवाना हुए इस दल को नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय द्वारा हरी झंडी दिखाकर विदा किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना को विकसित करते हैं। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संगठन के पदाधिकारीगण, प्रशिक्षक, पालक एवं बच्चे उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेना बालोद जिले के लिए गौरव की बात है और यह उम्मीद की जा रही है कि बालोद के ये नन्हें प्रतिभागी जिले का नाम रोशन करेंगे।

## उपमुख्यमंत्री ने श्रीराम जानकीदास महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा संयुक्त जिला कार्यालय की समीक्षा बैठक लेने हेतु बालोद जिले के प्रवास पर थे, इसके पूर्व वे जामड़ी पाटेश्वर धाम पहुंचे तथा सतगुरु स्व. श्रीराम जानकीदास महाराज के समाधि स्थल में पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने सद्गुरू स्व. श्रीराम जानकीदास के शिष्य एवं पाटेश्वर धाम के संचालक संत श्रीबालकदास के कक्ष में पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने श्री बालकदास के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने वहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी तथा उनकी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। इसके पश्चात गृहमंत्री श्री शर्मा, संत बालकदास एवं अन्य अतिथियों ने निर्माणधीन कौशल्या धाम में पैदल चलकर मन्दिर परिसर के निचले हिस्से में स्थित शिव मन्दिर में पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ लिए व उपस्थित पत्रकारों के सवालों का जवाब दिये। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख, नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधिक्षक योगेश पटेल, डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, जयेश ठाकुर, गौतम सिन्हा, ग्राम के सरपंच के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सुपेला सब्जी मंडी में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

# व्यापारियों ने बुलाई बैठक, एनवीसी के संचालक को संघ से किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आकाश गंगा सब्जी मंडी सुपेला के थोक और चिल्हर व्यापारियों ने मंडी के अंदर पसरी गंदगी और पार्किंग रोड रास्ता की जमीन पर कब्जा करके अवैध दुकान बनाने के मामले को लेकर बैठक बुलाई। इस दौरान सभी व्यापारियों ने नारायण सिंह वेजीटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक नारायण सिंह और अमित सिंह को मंडी संघ की सदस्या खत्म करने का निर्णय लिया। थोक सब्जी मंडी समिति के अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ रवि ने बताया कि एनवीसी का संचालक अमित सिंह अपनी आबंटित जमीन पर तो दुकान संचालित कर ही रही है, साथ ही उसने मंडी के पीछे पार्किंग की एक बड़ी जगह पर कब्जा करके बांस बल्ली से दुकान बना ली है। उसके द्वारा वहां पर सब्जी की गाड़ियां लगवाकर उसे खाली करवाया जाता है। इससे मंडी में पार्किंग की समस्या होती है और जाम भी लगता है। इस मामले को लेकर जब मंडी समिति के लोगों ने अमित सिंह को दुकान हटाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। अमित सिंह का कहना है कि उसकी दुकान अवैध है, लेकिन वो इसे हटाएगा नहीं। अमित सिंह की दबंगई और व्यापारियों के निर्णय को न मानने पर सभी थोक और चिल्हर व्यापारियों ने एक बड़ी बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने निर्णय लिया है कि बार बार मीटिंग में बुलाने के बाद भी अमित सिंह और नारायण सिंह नहीं आ रहे हैं और मंडी समिति के निर्णय को भी नहीं मान रहे हैं। इसलिए उनको मंडी समिति की सदस्यता से बाहर किया जाता है।



### निगम के अधिकारी ने कार्रवाई के नाम पर की खानापूर्ति

सुपेला सब्जी मंडी भिलाई नगर निगम के जोन 1 के अंतर्गत आती है। यहां के आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने अवैध दुकान को हटाने के लिए राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को मंडी भेजा था। अजय शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान माना कि एनवीसी की दुकान अवैध है और उन्होंने निगम के प्याऊ पर भी कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि वो उसे नोटिस देंगे और उसके बाद उसे तोड़ने की कार्रवाई करेंगे। मंडी समिति के अध्यक्ष का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बाद अजय शुक्ला ने न तो एनवीसी के संचालक को नोटिस दी और ना कार्रवाई की है। पूछने पर अधिकारी ने मंडी के लोगों को कहा कि उनके ऊपर बड़े नेता का दबाव आ रहा है, इसलिए वो कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### बिजली विभाग के लोग भी बैठे आंख मूंदकर

मंडी समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि अमित सिंह ने अवैध दुकान में हुकिंग करके अवैध बिजली कनेक्शन लिया है। उन्होंने इसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की, उसके बाद भी अब तक किसी भी बिजली विभाग के अधिकारी ने ना तो उस पर कोई कार्रवाई की और ना कनेक्शन को हटवाया है। **वार्ड पार्षद ने कहा- मंडी से हटेंगे सभी अवैध कब्जे:** आपको बता दें कि मंडी समिति के पदाधिकारियों ने मंडी की गंदगी और अवैध कब्जा को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष और वार्ड के पार्षद भोजराज भोजू से शिकायत की थी। भोजराज वहां पहुंचे। उन्होंने तुरंत अपने सामने मंडी की स्ट्रीट लाइट को सही करवाया था। इसके साथ ही उन्होंने निगम के अधिकारियों को कहा था कि वो मंडी की आबंटित दुकानों की जांच करें और अवैध कब्जा धारकों को मंडी से बाहर करें। भोजू ने कहा था कि एक सप्ताह के अंदर यदि निगम इस पर कार्रवाई नहीं करती तो वो इसको लेकर बड़ा कदम उठाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### पौधारोपण अभियान ...

के लिए 1,67,23,660 की स्वीकृति मिली है, जिसमें मजदूरी मद में 1,28,58,831 और सामग्री मद में 38,64,829 खर्च किया जाना है। गांवों में न तो गड्ढा खोदे गए और न पौधे लगाए पांच माह तक ग्राम पंचायतों को कोई कार्य न सौंपते हुए अचानक सीएलएफ को कार्यादेश देना और फिर चार माह में भी पौधारोपण का कार्य न शुरू होना गंभीर सवाल खड़े करता है। कई गांवों में आज तक न तो गड्ढा खोदे गए हैं, न पौधे लगाए गए और न ही ट्री गार्ड की व्यवस्था हुई है। सरपंचों के अधिकारों का हनन डोंडी सरपंच संघ की अध्यक्ष ममता मंडावी ने कहा कि पंचायत के प्रस्ताव, स्थल चयन, नक्शा-खसरा, बी-1 जैसे दस्तावेज तैयार करने की जिम्मेदारी पंचायत की होती है। ऐसे में कार्य सीएलएफ को देकर सरपंचों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। यदि पंचायत के अधीन स्व-सहायता समूहों को ही कार्य दिया जाता, तो पौधों की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती थी। महिला समूह ने जतायी असमर्थता धनमत गावड़े, अध्यक्ष, नया सबेरा महिला संकुल संगठन कुसुमकसा ने बताया कि उन्हें जनपद पंचायत द्वारा बताया गया था कि चारों कलस्टर को कार्य मिलेगा, लेकिन समस्त कार्य केवल उनके कलस्टर को सौंपा गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि पूरे ब्लॉक के ग्रामों में कार्य करने में वे असमर्थ हैं और केवल अपने कलस्टर तक सीमित रहना चाहती हैं।

### खेल-खेल में ...

फिर से चिकित्सकों ने प्रयास किया, पर ढक्कन नहीं निकल पाया।
आखिरकार परिजनों ने बालोद के एक निजी अस्पताल का रुख किया, जहां डॉक्टरों ने सुरक्षित तरीके से ढक्कन को बाहर निकाल दिया। इस सफल ऑपरेशन के बाद बालक के माता-पिता ने राहत की सांस ली। बालक को रिफर करते समय शाम लगभग 6.30 बजे हमारे संवाददाता ने नगर के शासकीय अस्पताल में उससे मुलाकात की। उस समय वह सामान्य स्थिति में था और किसी प्रकार की गंभीर परेशानी नहीं थी।

### ननों की गिरफ्तारी पर ...

निष्पक्ष जांच और हस्तक्षेप की मांग की थी, जिससे यह प्रमाणित होता है कि ननों के खिलाफ उठाया गया कदम केवल राजनीतिक दबाव और धार्मिक ध्रुवीकरण का हिस्सा था। रतिराम कोसमा ने भाजपा सरकार पर धर्मांतरण के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करने, धार्मिक स्वतंत्रता को कुचलने, और पुलिस को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## खबर संक्षेप



### सल्ही टोला रेलवे स्टेशन में पौधारोपण किया गया

**डोंडी।** सल्ही टोला रेलवे स्टेशन में पौधा लगाने के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पौधा जनता के नाम से लगाया गया है। गुलमोहर बादाम नीम करंज परिजात के छायादार पौधा लगाया गया है। पौधा चंद्राकर परिवार डोंडी द्वारा लगाया गया है। चंद्राकर परिवार द्वारा पौधा को छायादार बनाने का संकल्प लिया है। पौधारोपण में टिकट प्रबंधक भीषण चंद्राकर रेखा चंद्राकर श्रेयस चंद्राकर प्रीतम व कुरैटी का सहयोग रहा।

### नगर पालिका का 'काऊ कैचर' बना शोपीस लगातार हो रहे हादसे



**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने के लिए लाखों की लागत से खरीदा गया काऊ कैचर अब सफेद हाथी बन चुका है। शहर की सड़कों पर मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। बताया जा रहा है कि काऊ कैचर महीनों से बिना उपयोग के महज शोपीस बनकर नगर पालिका परिसर में खड़ा है। इस लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। दो दिन पूर्व शहर के व्यस्ततम मार्ग पर घुमंतू मवेशियों की वजह से दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दल्लीराजहरा की जनता सवाल कर रही है कि जब काऊ कैचर का उपयोग नहीं होना था तो फिर इसे मंगवाया क्यों गया? क्या नगर पालिका सिर्फ कागजी खानापूर्ति के लिए इस तरह की खरीदी कर रही है? लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही मवेशियों की धरपकड़ शुरू नहीं हुई, तो वे नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर कहते हैं की घुमंतू मवेशियों की धड़ पकड़ जारी है और संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया है। घुमंतू मवेशियों को काउच कैचर के माध्यम से पकड़ कर कांजी हाउस तक ले जाएं और कार्रवाई करें।

### नशीली दवाइयों के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के बेचने वाले को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलगांव नाला ब्रिज के नीचे मंदिर के पास में अवैध रुप से नशे की दवा को बेचते हुए युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम स्टेशन रोड दुर्ग निवासी अरविंद दास वैष्णव को बताया है। निशानदेही पर पुलिस ने नाइट्राजेन टेबलेट 10 10एमजी कुल 850 नग टेबलेट 3825 रुपये का जब्त किया गया है।

**विडंबना**

दशकों पुराने जर्जर स्कूल भवन की भी नहीं हो पाई मरम्मत

# नेवारीकला में सामाजिक भवन की मांग वर्षों से अधूरी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला के बाजार चौक मोहल्लावासियों को सार्वजनिक भवन नहीं होने के कारण कई सामाजिक व सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण दशकों पुराने जर्जर स्कूल भवन को पुनः निर्माण करने की मांग मोहल्लावासी कर रहे हैं। लेकिन यहां के लोगों की मांगें कई सालों से अधुरी है।

ग्राम नेवारीकला में 20 वार्ड है, जिसमें से बाजार चौक के आस पास करीब 4 वार्ड के लोग निवास करते हैं और इन 4 वार्ड के लोगों के घर में कोई भी परिवारिक या सार्वजनिक कार्यक्रम होने पर उन्हें कार्यक्रम करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण रतन लाल सोनकर, रंगी लाल, संतोष निषाद, चैतराम, तेजप्रकाश सोनकर ने बताया कि दशकों पहले ग्राम में शिक्षा की अलख जगाने उनके ग्राम के बुजुर्गों द्वारा इस जगह 1970 में स्कूल भवन बनाकर एक ही स्कूल में कई कक्षाओं का संचालन किया जाता था, यहां स्कूल संचालन के साथ इस भवन का उपयोग सार्वजनिक कार्यक्रम होने पर मोहल्ला वासियों द्वारा अपने निजी काम में भी लिया जाता था। बाद में नए स्कूल भवन का निर्माण होने पर यह दशकों पुराना स्कूल मोहल्लावासियों द्वारा करीब 7-8 वर्षों से सार्वजनिक भवन के रूप में उपयोग में लिया जाने लगा, लेकिन वर्तमान में देख रेख नहीं होने के कारण यह स्कूल पूरी तरह से जर्जर होकर इसका छप्पर गिरते जा रहा है और इसमे घास फूस व पेड़ पौधे उग आए है, जिसके कारण यह उपयोग लायक नहीं है।

सार्वजनिक कार्यों के लिए यह पुराना स्कूल भवन सहारा था, जो जर्जर होने से ग्राम के चार वार्डों के लोगों को अब सार्वजनिक कार्यों में परेशानी हो रही है, जिसके कारण ग्रामीण लगातार मांग करते आए है कि इस स्कूल की मरम्मत कर इसे नया सार्वजनिक भवन बना दिया जाए, लेकिन वर्तमान में इसके लिए कोई पहल नहीं करने के कारण मोहल्लावासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि वर्तमान मे बरसात के समय खुले जगह मे सार्वजनिक कार्यक्रम करवाने के लिए दिक्कतें होती है। ग्राम पंचायत नेवारीकला ने कहा पुराने स्कूल भवन को सार्वजनिक भवन बनाने के लिए पंचायत द्वारा उचित कदम उठाए जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## आत्मानंद स्कूल के कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कर्मचारी ने वेतन भुगतान की मांग करते हुए अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे, जिला सचिव गजेंद्रपुरी गोस्वामी, जिला पदाधिकारी चेतन यादव एवं मुरारी सोनवानी ने संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के नाम से डिप्टी कलेक्टर सुरेश साहू को मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में नियमित कर्मचारी प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक, उच्च वर्ग शिक्षक, सहायक शिक्षक, लिपिक, भृत्य को जुलाई माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि शासन द्वारा राशि पूर्व में जारी की जा चुकी है, हर माह शासन से राशि जारी होने के बाद भी वेतन में विलंब किया जाता है, जिससे सभी कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों ने मांग की है कि वेतन व्यवस्था के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किसी अन्य अधिकारी को भी नियुक्त किया जाए, जिससे सभी कर्मचारियों के समान वेतन समय पर मिल सके। पदाधिकारी ने बताया कि लगभग समस्त कर्मचारी ने लोन लिया हुआ है, इस कारण निश्चित अवधि में उसे लोन को जमा किया जाना आवश्यक है, लेकिन वेतन को अनावश्यक लेट करने के कारण वह इससे चूक जाते हैं और अपने ही साथियों से कर्ज लेकर पारिवारिक दायित्व को निभाते हैं।

## राजिम से पैदल यात्रा कर कांवरियों ने बोरवाय शिव मंदिर में चढ़ाया जल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बोल बंब कावर यात्र समिति बोरवाय के तत्वाधान में नरसिंह नाथ, उड़ीसा, घुंचापाली, बागबाहरा, मां खल्लारी मंदिर, जतमाई, घटारानी, राजिम, कुलेश्वर महादेव, कौही महादेव का पूजन अर्चना कर सोमवार को बोरवाय पहुंचे भक्तों ने राजिम से कांवर में लाएं जल को ग्राम के मंदिर में चढ़ाए। तत्पश्चात ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत सत्कार किया। कांवर यात्र में पलटू राम साहू, डॉ एमन साहू, दुलार यादव, अमरनाथ साहू, संतोष साहू, आशीष यदु, पैमने गुरुपरख, मनोज साहू, इन्द्रमन यादव, चुनेश्वर साहू, दिलेश्वर साहू, मिथलेश साहू, राहुल यादव, नीरज, तेजराम यादव, उमाकांत ठाकुर, तरुण यादव, थानेश यादव, भावेश यादव, पीयूष साहू, दीपक, भूपेंद्र चंद्राकर, दुर्गेश साहू, सागर गुरुप्रख, रूपेश साहू, शेखर ठाकुर, रिखीराम, गुरुपरख, सूरज साहू ने लगभग 1100 किलोमीटर की तीर्थ यात्र किए। जिसमें राजिम से दल पैदल चलकर बोरवाय पहुंचे।

### कांवरियों का भव्य स्वागत हुआ

समाज सेवी खिलेश्वर कामरे ने कहा कि प्रतिवर्ष बोरवाय से सावन के महीना में शिव भक्तो की टोली सीनियर सिटीजन पलटू राम साहू के नेतृत्व में कांवर यात्र करती है। सावन के महीने में चाहूं ओर हरियाली होती है, खेतों फसल की हरियाली के कारण किसान व ग्रामीण हर्षित मुद्रा में होते है और मन भक्ति में भी रमने लगता है। भव्य स्वागत करने वालो में उपसरपंच प्रतिनिधि रूपलाल साहू, समाजसेवी खिलेश्वर कामरे, राजू महाराज, रोहित चंद्राकर, हेमंत टंडन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पाटेश्वर धाम पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद-डौंडीलोहरा

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान डौंडीलोहारा विकासखण्ड के जामड़ीपाट स्थित पाटेश्वर धाम में सद्गुरु स्व. श्रीराम जानकीदास महाराज के समाधि स्थल में पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने सद्गुरु स्व. श्री राम जानकीदास जी के शिष्य एवं पाटेश्वर धाम के संचालक संत बालकदास के कक्ष में पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बालकदास के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने वहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी तथा उनकी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया।

इसके पश्चात गृहमंत्री शर्मा, संत बालकदास एवं अन्य अतिथियों ने निर्माणधीन कौशल्या धाम में मन्दिर परिसर के निचले हिस्से में स्थित शिव मन्दिर में पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधिक्षक योगेश पटेल, डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, जयेश ठाकुर, बलराम गुप्ता, गौतम सिन्हा, ग्राम के सरपंच के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत गुण्डरदेही में बैठक संपन्न

**गुण्डरदेही।** स्वतंत्रता दिवस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर पंचायत गुण्डरदेही कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने की और इसमें वार्डों के पार्षद गण पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, रामबती सोनकर, सलीम खान, हेमलता सोहन सोनी, पूजा बिनझेकर, शैल महोबिया, फैज बक्श और सेवक महिपाल उपस्थित थे। बैठक में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता और सजावट पर विशेष ध्यान दें, ताकि इस राष्ट्रीय पर्व को गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जा सके। पार्षदों ने भी अपने सुझाव दिए और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस का ध्वजारोहण नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के द्वारा किया जाएगा साथ ही इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसी प्रकार पं. दीनदयाल चौक में विजय सोनकर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही के द्वारा, धमतरी चौक में पार्षद शैल महोबिया और फैज बक्श के द्वारा बस स्टैंड में, पार्षद पूजा बिंझेकर के द्वारा और पुराने नगर पंचायत कार्यालय के पास पार्षद सलीम खान और हेमलता सोहन सोनी के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, साथ ही स्कूलों में बच्चों को देने के लिए मिठाई नगर पंचायत से दिया जाएगा। प्रमोद जैन ने नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी को 15 अगस्त के कार्यक्रम संचालन संबंधी दिशा निर्देश दिए है।

## जैन समता युवा संघ के राष्ट्रीय सदस्यों ने छग और ओडिशा का किया भ्रमण



**डौंडीलोहारा।** अ.भा.सा.जैन समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित बंब, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदेश टाटिया और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष शशांक गिडिया के नेतृत्व में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़-ओडिशा अंचल का प्रवास सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।छग व ओडिसा अंचल के राष्ट्रीय मंत्री व नगर के विजय भन्साली ने बताया कि पदाधिकारियों के माध्यम से चारामा, सरोना, केशकाल, सोनारपाल, भानपुरी, फर्सागुडा, जगदलपुर, गीदम, सुकमा, मलकानगिरी, तोंगपाल, कोंडागांव, अछोली देवरी आदि समता युवा संघ के प्रवास के साथ साथ ही अन्य साधुमार्गी क्षेत्रों धमतरी, बालोद,राजनांदगांव, रायपुर में अरुणोदय शिविर की प्रभावना की गई। धमतरी में मुमुक्षु बहन गुण कवाड़ का स्वागत अभिनंदन करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रवास के दौरान संघ, क्षेत्र में विराज रहे चारित्रात्माओं के दर्शन-वन्दन का लाभ लिया गया। सोनारपाल, भानपुरी, फर्सागुडा, अछोली में नवीन समता युवा शाखा का गठन किया गया। सरोना, तोंगपाल, सुकमा, मलकानगिरी में समता युवा संघ के सत्र 2024-26 के लिए सर्वसम्मति से नवीन मनोनयन किया गया। चारामा, केशकाल, देवरी में नवीन समता युवा संघ का नवगठन किया गया प्रवासी दल द्वारा सभी संघों में समता शाखा, उत्क्रांति, समता ऊर्जा साधना तत्वज्ञान तरुण-शक्ति, व्यसन मुक्ति प्रतिक्रमण कंठस्थ सामाजिक कार्यक्रम व संगठन सहित श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ द्वारा संचालित कई प्रवृत्तियों की भव्य प्रभावना की गई। सभी जगहों पर अरुणोदय आंचलिक शिविर और अरुणोत्तम राष्ट्रीय शिविर देशणोक में युवा साथियों को पहुंचने हेतु प्रभावना की गई।सभी संघों में प्रवासी दल का आत्मीयता से स्वागत अभिनंदन किया गया। सभी युवा साथियों ने प्रत्येक सभा में उत्साहपूर्वक सहभागिता का निर्वाहन किया तथा संघ-विकास हेतु स-कारात्मक सुझावों का आदान-प्रदान किया।

## गन्ना उत्पादक किसान संघ ने राशि के भुगतान की मांग को लेकर मंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ ने जिले के गन्ना किसानो को वर्ष 2024-25 में गन्ना बिक्री के राशि के भुगतान की मांग करते हुए जिले के दौरे पर आए गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे मांग की गई है कि वर्श 2024-25 के गन्ना पराई का समर्थन मूल्य के बकाया राशि का अभी तक शक्कर कारखाना द्वारा भुगतान नही किया गया है। वर्श 2024-25 के गन्ना पेराई का रिकवरी राशि का भी शक्कर कारखाना द्वारा अभी तक भुगतान नही हुआ हैं। वर्श 2024-25 के गन्ना पेराई का बोनस अंतर राशि शासन द्वारा भुगतान नही किया गया है, बोनस राशि 200 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान करने की मांग गन्ना किशानों ने की है। जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद संरक्षक छगन देशमुख ने कहा जिला एवं प्रदेश गन्ना पदाधिकारियो द्वारा गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर गन्ना का बोनस 200 रूपये प्रति क्विंटल करने की मांग कई बार किया जा चुका है, लेकिन अभी तक शासन द्वारा गन्ना किसानो के लिए कोई कार्यवाही नही हुई, इससे गन्ना किसान हताश हो चुके है एवं बालोद शक्कर कारखाना का अस्तित्व ही खतरे मे नजर आ रहा है, बालोद शक्कर कारखाना को बचाने के लिए बोनस पर त्वरित कार्यवाही किया जाना जरुरी है, आज धान की खेती लाभदायक हो गई है, कई किसान गन्ना की फसल को उखाड़कर धान की खेती करने लगे है, गन्ना के मुल्य मे भी आशातीत वृद्धि नही हुई है, सरकार द्वारा भी बोनस राशि मे विृद्धि नही की जा रही है इससे गन्ना का रकबा लगातार प्रभावित हो रहा है। हम गन्ना की खेती करने को तैयार है लेकिन हमे समय पर भुगतान के सांथ बानस भी दिया जाए। इसलिए हमारी समस्याओं का अतिशिघ्र निराकरण किया जाए।

## उप मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक में विकास कार्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले का दौरा किया। इस दौरान वे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने जिला पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक ली और जिले की विकास गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

उन्होने कहा कि देश को आज़ादी सिर्फ एक परिवार ने नहीं, गांव-गांव के लोगों ने मिलकर दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाया गया एसएनएस स्पर्श योजना पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगा। 18 लाख आवासों का लक्ष्य भाजपा सरकार द्वारा पूर्ण किया जा रहा है। महिला स्वसहायता समूहों के लिए प्रत्येक सीएलएफ को 30 लाख की लागत से महतारी सदन मिलेगा। नक्सलवाद व घुसपैठ से निपटने का संकल्प सिर्फ भाजपा सरकार कर सकती है। पंचायतों के उत्कृष्ट कार्यों को पुरस्कार स्वरूप मान्यता दी जाएगी। अटल डिजिटल सेवा केंद्र गांवों में ही बैंकिंग और पेंशन सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा हमें अपनी परंपराओं पर गर्व होना चाहिए, मोदीजी ने इसी भावना को जागृत किया है। कार्यकर्ता ज़मीन पर जाएं, लाभार्थियों से संवाद करें, और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को मन की बात के तुरंत बाद महिला समूहों के लिए रेडियो कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। बैठक में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय कृष्ण कांत पवार, पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला, यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, ठाकुर रामचंद्राकार, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, पवन सोनबरसा, कांति सोनेश्वरी, जिला मंत्री सुरेंद्र देशमुख आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### साहू संघ भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया



**डोंडी।** सोमवार को डोडी में तहसील साहू संघ भवन निर्माण के लिए निकाय अध्यक्ष मोहंतिन चोरका के द्वारा भूमि पूजन किया गया ज्ञात होगी उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के डोडी आगमन पर समाज के द्वारा नागरिक अभिनंदन के दौरान तहसील साहू संघ भवन निर्माण की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए नए भवन निर्माण के लिए मांग किया गया था। जिस पर मंत्री साव ने भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा किया था। जिसके लिए सोमवार को डोडी के शासकीय आईटीआई वाले मार्ग पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर निकाय उपाध्यक्ष संजीव मानकर पार्षद अमरिका ठाकुर रेखा चौहान प्रशांत नेताम जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडों सदस्य साधना सोरी भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रुपेश नायक जिला पदाधिकारी मनीष झा दिनेश अग्रवाल अजय चौहान पिंटू नाहर विशाल जैन निलेश जायसवाल साहू समाज की ओर से तहसील अध्यक्ष सोमेश साहू हिंसाराम साहू संत राम साहू तेजराम साहू इसकराम साहू हिरामन साहू शिवकुमार चौरका निकाय के शेखर रावटे इंद्राणी धनकर मोहन नागवंशी थे।

**खबर संक्षेप**

## प्रदेश सरकार ने हाफ बिजली बिल का यूनिट घटाकर 100 किया



**अंडा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल की राशि को आधा किए जाने दिशा-निर्देश से जारी किया गया है। जिसमें राज्य शासन, एतद् द्वारा, घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत देयकों में राहत योजना के तहत प्रतिमाह 400 यूनिट की सीमा को परिवर्तित कर प्रतिमाह केवल 100 यूनिट तक की खपत करने वाले पात्र उपभोक्ताओं को योजना का छूट देने का निर्णय लिया गया है, जिसे लेकर उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।
श्री हरमुख ने बताया की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सभी उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा था, जिससे आम जनता को सीधी आर्थिक राहत मिलती थी। वर्तमान भाजपा सरकार ने इस जनहितकारी योजना में संशोधन करते हुए अब सिर्फ 100 यूनिट तक ही हाफ योजना का लाभ देने का आदेश पारित किया है। भाजपा सरकार इस संशोधित योजना को छुपाकर, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार करेगी, जबकि सच्चाई यह है कि यह योजना गरीबों को नहीं, बल्कि सोलर पैनल निर्माता उद्योगपतियों और भाजपा से जुड़े लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने का जरिया बन गया है।

## बघमरा में तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत के बघमरा में तुलसी जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन थे। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। प्रमोद जैन ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने समाज को श्रीरामचरितमानस जैसा महान ग्रंथ दिया, जो हमें जीवन जीने की सही राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से धर्म, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों को स्थापित किया, जो आज भी प्रासंगिक हैं। समारोह में गांव के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पार्षद हरीश निषाद, मिलन निषाद, शिव कुमार निषाद, ओंकार देवांगन, भुवन लाल निषाद, ललतु राम निषाद, डीलेंद्र निषाद, अग्रहिज और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पर्व : कांवड़ यात्रा में युवाओं की टोली जयकारों के साथ जल लेकर निकली

# अंचल में सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सावन माह के अंतिम सोमवार को दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्तों में जबरदस्त आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में उमड़ पड़े।

यहां के श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, डौंडी का शिवधाम और नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के छोटे-छोटे ग्रामों तक शिवालयों में भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कई स्थानों पर कांवड़ यात्रा भी निकाली गईं, जिसमें युवाओं की टोली जयकारों के साथ जल लेकर निकली। श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में व्रत रखते हुए बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध और गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक किया। अनेक स्थानों पर भंडारा और भजन संध्या का आयोजन कर भक्तों ने सामूहिक आराधना की। धार्मिक आयोजनों में स्थानीय प्रशासन की भी सक्रियता रही। पुलिस एवं नगर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु साफ-सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया।





## विष्णुधाम में कांवड़ शोभा यात्रा निकाली गई

**अंडा।** सावन के पुण्य माह में ग्राम परसदा(डंग) से आस्था के प्रतीक धर्मारण्य क्षेत्र विष्णुधाम ओटेबन्द मंदिर तक कावड़ शोभा यात्रा वृहद व धूमधाम से डीजे के साथ रविवार 03 अगस्त को निकाला गया इस अवसर पर ग्राम सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच लीलेश्वर साहू, योगेश हिरवानी, हेमलता साहू, लता साहू, सृजन हिरवानी, अजय हिरवानी, राहुल शर्मा,घनश्याम साहू, सोनल साहू ,ऋषि साहू डोमेश्वरी साहू व 100 से 150 की संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुवे, ज्ञात हो कि यह आयोजन रामराज युवा संगठन परसदा के द्वारा आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने दी।



## बोल बम से गूंज उठी भोलेनाथ की कांवड़ यात्रा



**अंडा।** सावन माह के अंतिम सोमवार को बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में डाक कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम बना, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह पवित्र यात्रा महमरा घाट, शिवनाथ नदी के तट से प्रारंभ हुई, जहां भक्तों ने भगवान शिव के लिए जल संग्रहित किया। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने स्वयं डाक कांवड़ यात्रा की अगुवाई करते हुए दौड़ना शुरू किया। यात्रा का रूट गंजपारा, कचहरी चौक, दुर्ग, केलाबाड़ी, महाराजा चौक, कसारीडिह, जेल चौक, बोरसी, गोल्डन चौक होते हुए मेनगली से होकर महावीर उद्यान तक पहुंचा। यहां भगवान भुतभावन भोलेनाथ को जल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान बोल बम और भुतभावन भोलेनाथ की जय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने केसरिया झंडों के साथ नृत्य-गान करते हुए अपने श्रद्धा का प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक विद्वान पंडितों द्वारा हवन और महामृत्युंजय मंत्र जाप किया गया। कार्यक्रम के पश्चात खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन में प्रमुख रूप से श्री लक्ष्मण बाबा, विनोद साहू, गुलाब साहू, योगेश साहू, मनोज पटेल, राजू यादव, मनसुखा साहू, श्री कामेश साहू, क्रांति सेना, छाया विधायक ग्रामीण घनराज साहू, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू, शिवम यादव, कुंभकरण पटेल, ओमकार साहू, वासुदेव स्प्रे, राजेश चंद्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष, ललित साहू, अमरनाथ साहू, बलराम बबलू, गज्जू रायपुरीहा, जीवराखन ठेकेदार, कल्याण देवांगन, मारियल साहू, कुंज लाल साहू, नंद पंडा जी, लक्की निर्मल कर, मोतीलाल साहू, गोलू साहू, संतू यादव सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।



## जरुरतमंद बच्चों को स्टेशनरी का किया गया वितरण



**गुरूर।** गरीब व जरुरतमंद बच्चों को कापी व स्टेशनरी के अभाव में पढ़ाई प्रभावित होता देख जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों तक कॉपी पहुंचा सकूं इस भाव से नगर की समाजसेवी मनमोहन टुवानी के मार्गदर्शन व अभिशेक टुवानी के सहयोग से निधि टुवानी ने उन्हे कापी व स्टेशनरी देने का एक छोटा सा अभियान चालू किया था। निधि टुवानी के इस अभियान के दौरान बच्चों के चेहरे की खुशी ने इसे इतना वृहद रूप लिया कि इसमें उनके ससुर समाजसेवी मनमोहन टुवानी व निधि टुवानी के पति अभिशेक टुवानी व उनके बच्चों सहित परिवार के लोग, जान पहचान वाले लोग इस अभियान में जुडते चले गये। इन सभी के सहयोग से ही गुरुर ब्लॉक के 40 स्कूलों के साथ साथ ब्लॉक के बाहर के 10 स्कूलों मे लगभग 800 से भी अधिक बच्चों तक 3000 कॉपियां पहुचाया। निधि टुवानी ने कहा इन कार्यों में हर स्कूल के शिक्षकों का पूरा सहयोग मिला, जिनके सहयोग से ही उन बच्चों तक पहुंच जा सका जो वाकई में आर्थिक रूप से कमजोर थे और इन सभी कार्यों में गायत्री परिवार के भैया लोग जो शिक्षक के रूप में स्कूलों में थे उनका विशेष सहयोग मिला। कॉपीयो को पा कर उनके चेहरे पर जो खुशी देखने को मिलती थी वह मेरे लिए अविस्मरणी पल है। निधि टुवानी ने कहा इस दौरान एक्टिविटी छोटी–छोटी स्टोरी और गेम के माध्यम से नैतिक शिक्षा, पढ़ाई के लिए एकाग्रता और साथ ही पौधारोपण के लिए बच्चों को प्रेरणा देने का प्रयास किया।

## सावन मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**डोंडी।** रविवार को डौंडि के नगर पंचायत भवन में पहली बार जायसवाल समाज की महिलाओं दल्ली राजहरा, डौंडि, कच्चे की महिलाओं का सावन मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें की मुख्य अतिथि भिलाई से आई हुई जायसवाल समाज की वरिष्ठ महिलाएं किरण जायसवाल, गीता जायसवाल और हमारे जायसवाल समाज की अध्यक्ष सीमा जायसवाल हुवे इस समारोह का आयोजन मुख्य रूप से सरिता जायसवाल और प्रीति जायसवाल ने किया ओर सभी महिलाओं का सहयोग रहा और अश्विनी जायसवाल का भी सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा सावन की रानी बनी दल्ली राजहरा की वंदना जायसवाल सभी महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आनंदित हुवे।

## शनिवार को 4 बजे तक स्कूल लगाने का शिक्षक संघ ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

सरकारी स्कूलों के नए शैक्षिक कैलेंडर में संशोधन कर शनिवार को भी कक्षाएं शाम 4 बजे तक अनिवार्य करने के फैसले ने शिक्षकों और कर्मचारियों में असंतोष है। दल्लीराजहरा सहित जिले में इस फैसले को लेकर विरोध हो रहा है।

शिक्षक महासंघ ने कहा है कि यह फैसला जमीनी हकीकत से पूरी तरह कटे हुए अफसरों द्वारा लिया गया है, जिन्हें न तो शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञान है और न ही बच्चों की मानसिक क्षमता का आकलन। उन्होंने कहा जब अधिकारी शनिवार को 'वर्क फ्रॉम होम' या अघोषित छुट्टियों का लाभ ले रहे हैं, तब शिक्षकों को जबरन स्कूल में क्यों बैठाया जा रहा है।

सरकारी शिक्षकों के समर्थन में बैंक कर्मचारियों ने भी आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि यदि शनिवार को स्कूल खोला जा सकते हैं, तो बैंक और अन्य शासकीय कार्यालय भी शनिवार को पूर्ण समय तक खोले जाएं। नहीं तो स्कूलों को भी शनिवार को बंद रखा जाए, नहीं तो यह दोहरे मापदंड का उदाहरण होगा।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जिले में शुरू हुआ स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम का महाअभियान

**दल्लीराजहरा।** जिले में स्वतंत्रता दिवस के 79वें वर्ष के उपलक्ष्य में 2 से 15 अगस्त 2025 तक "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" थीम पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत सभी नागरिकों को अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों और संस्थानों में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया जाएगा। सार्वजनिक भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली एवं सेल्फी जोन भी बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी जोड़ा गया है। तीन चरणों में चलेगा कार्यक्रम पहला चरण (2 से 8 अगस्त) विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण और पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। दूसरा



चरण (9 से 12 अगस्त)इस चरण में तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बाइक रैली और साइकिल रैली निकाली जाएगी। जनप्रतिनिधियों व खिलाड़ियों की भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। तीसरा चरण (13 से 15 अगस्त)सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, पुलों, बांधों पर तिरंगा फहराया जाएगा और भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही स्वच्छता और जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का भी संचालन होगा। यह कार्यक्रम सामूहिक राष्ट्रप्रेम और सामाजिक भागीदारी का प्रतीक बनेगा। पूरे जिले में देशभक्ति का माहौल निर्माण करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

## जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें गुण्डरदेही विकास खंड और बालोद विकासखंड के रग्बी फुटबॉल प्रतिभागी भाग लिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पुष्पा सिन्हा थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे ने किया। समाज सेवक बृजलाल साहू, व्याख्याता आरएन साहू, बीएसओ. टीआर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में देवी, ढालसिंह, शांडिल्य, दुष्यंत कुमार, चोवाराम सेन, रेड्डी, यूजेंद्र, प्रेम नारायण, अमित, सूर्यकांत सिन्हा तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शंखनाद हुआ। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने खेल से आपसी भाईचारा और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन पर कर सारगर्भित उद्बोधन दिए। वाईके साहू, डीके साहू, वीके साहू, यूके साहू, सिंघारे, एचके साहू, टीसी मंडावी, महेश्वरी टंडन, धावे, मालवीय, धुरव, मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।





## बढ़ा तापमान, उमस ने बढ़ाई बेचैनी

**भिलाई।** बारिश में आई कमी से तापमान बढ़ने लगा है। रविवार को दुर्ग जिले का तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस चला गया। जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। पूरे प्रदेशभर में दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान सबसे कम 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा है। मौसम विभाग रायपुर से मिली जानाकारी के अनुसार आने वाले पांच दिनों तक बारिश ना होने की संभावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर खंड वर्षा हो सकती है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### कार्यक्रम में संत श्री राम बालक दास महाराज रहे उपस्थित

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



गोस्वामी तुलसीदास जयंती आयोजन 9 ग्राम के मानस मंडली देवरी(ख), अर्जुनी, चीचा, खप्पर वाडा, भरदा, सकरौद, तमोरा, डगनिया, नाहंदा, के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम देवरी (ख) में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संत श्री राम बालक दास महाराज त्यागी कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम थे।

अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठा के प्रांत अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने किया। विशेष स्थिति जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, सरपंच कुसुम देशमुख, हेमंत साहू, हिंछा राम ठाकुर, कौशल्या दूत केशव राम साहू, शहिद दुर्वासा लाल निषाद के पिता मुनीराम निषाद, मानस मर्मज्ञ त्रेता चंद्राकर, लीलार सिन्हा, बलराम साहू, पूर्व सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, शिव कुमार गायकवाड, उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री राम बालक दास जी महाराज त्यागी ने बताया कि कौशल्या मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है, केवल शिखर बनना शेष है, 2026 में मां कौशल्या अपने पुत्र राम को बाल रूप में गोदी में लेकर विराजमान होगी। भगवान राम का मंदिर तो सभी जगह पर है, लेकिन उसे जन्म देने वाली मां का अद्वितीय मंदिर पाटेश्वर में होगा। अध्यक्षता कर रहे जगदीश देशमुख ने कहा कि माता कौशल्या का मंदिर छत्तीसगढ़ वासियों के लिए गौरव की अनुभूति है, जो पूर्ण परमात्मा श्री राम एवं तुलसीदास जी के आराध्य के प्रति अनन्य समर्पण सम्मान का भाव प्रदर्शित करेगा। आयोजन में संयोजक के रूप में भेलसिंह साहू, ईश्वर चंद्राकर, विमल कुमार साहू, चाणक्य साहू, प्रवीण सोनकर, विनय साहू, ठाकुर राम सेन, अयोध्या चंद्राकर, तेजराम साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के रूप में प्रमोद देशमुख, नीलेश्वर द्विवेदी, यशवंत साहू, प्रभु लाल निषाद, सुनील साहू त्रिलोचन यादव, पीलेश्वर विश्वकर्मा, पूनम साहू, भूषण बंजारे,, तामेश्वर साहू, भूपेंद्र निषाद, पूर्णिमा साहू, सोमेश्वरी, पुष्पा मिश्रा आदि की भूमिका रही, छोटी बच्चियों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

